**झारखण्ड सरकार**
*जल संसाधन विभाग*

पत्रांक : 03 / विविध–07–40 / 2007–............................ / रॉची, दिनांक :............................ /

# *आदेश*

झारखण्ड लोक सेवा आयोग, रॉची के पत्रांक 495 दिनांक 06.03.2013 से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में संलग्न सूची (परिशिष्ट–अ) में उल्लिखित डिप्लोमाधारी / डिग्रीधारी अभ्यर्थियों (असैनिक / यॉत्रिक) को वेतनमान् 9300–34800 / – ग्रेड पे 4200 / – रू० प्रतिमाह तथा समय–समय पर सरकार द्वारा निर्धारित जीवन यापन भत्ता एवं अन्य भत्ते के साथ कनीय अभियंता (यॉत्रिक / असैनिक) के रिक्त पदों के विरूद्ध निम्नांकित शर्त्तों पर अस्थायी रूप से नियुक्त किया जाता है तथा उनकी सेवा उनके नाम के समक्ष अंकित मुख्य अभियंता को पदस्थापन हेतु सौंपी जाती है –

1. नवनियुक्त कनीय अभियंता एक वर्ष तक परिवीक्ष्यमान रूप में रहेंगे।
2. पदग्रहण करने के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
3. पदग्रहण के समय किसी सरकारी असैनिक शल्य चिकित्सक द्वारा प्रदत स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र संबंधित मुख्य अभियंता के समक्ष समर्पित करना होगा।
4. असैनिक शल्य चिकित्सक द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र एवं अपराध अनुसंधान विभाग द्वारा पूर्ण सत्यापन की प्रत्याशा में यह नियुक्ति की जा रही है। अनुकूल स्वच्छता प्राप्त नहीं होने की स्थिति में नियुक्ति रद्द कर दी जायेगी।
5. नवनियुक्त कनीय अभियंताओं को नियुक्ति आदेश निर्गत होने की तिथि से पंद्रह दिनों के अन्दर संबंधित मुख्य अभियंता कार्यालय में योगदान कर लेना होगा।
6. मुख्य अभियंता कार्यालय में योगदान की स्वीकृति के पश्चात नियमानुसार वेतनादि अनुमान्य होगा।
7. नवनियुक्त कनीय अभियंता के योगदान की स्वीकृति के पूर्व संबंधित मुख्य अभियंता सभी उम्मीदवारों की आयु, शैक्षणिक योग्यता एवं आरक्षण की अर्हता का सत्यापन उनके मूल प्रमाण पत्रों से कर आश्वस्त हो लेगें।
8. मुख्य अभियंता के समक्ष संलग्न प्रपत्र में घोषणा–पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। तदुपरांत हीं मुख्य अभियंता उन्हें अपने प्रक्षेत्राधीन पदस्थापित करेंगे।
9. नियुक्ति की सम्पुष्टि के पूर्व अभिलेखों का सत्यापन संबंधित बोर्ड / विश्वविद्यालय से कराया जायेगा। सत्यापन के क्रम में किसी भी प्रकार की त्रुटि / विसंगति की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की होगी।

**अनु॰–यथोक्त।**

3-6
26/08/13
(अरूण कुमार सिंह)
अभियंता प्रमुख–।

26/8/13

ज्ञापांक :–                                    रॉची, दिनांक :–

प्रतिलिपिः– महालेखाकार,, झारखण्ड, रॉची को अतिरिक्त दो प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**अनु॰–यथोक्त।**

(अरूण कुमार सिंह)
अभियंता प्रमुख–।
26/8

ज्ञापांक :–                                    रॉची, दिनांक :–

प्रतिलिपिः–प्रशासक, सुवर्णरेखा बहूद्देशीय परियोजना, आदित्यपुर जमशेदपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**अनु॰–यथोक्त।**

(अरूण कुमार सिंह)
अभियंता प्रमुख–।
26/8

ज्ञापांक :– 4799                                    रॉची, दिनांक :– 26-8-13

प्रतिलिपिः– सभी मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, झारखण्ड रॉची के अंतर्गत/सभी संबंधित उम्मीदवारों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/संबंधित मुख्य अभियंता को आदेश दिया जाता है कि नवनियुक्त कनीय अभियंताओं को गृह जिला में पदस्थापित नहीं करें।

**अनु॰–यथोक्त।**

3–6 26/08/13

(अरूण कुमार सिंह)
अभियंता प्रमुख–।
26/8

ज्ञापांक :–                                    रॉची, दिनांक :–

प्रतिलिपिः– सभी विभागाध्यक्ष, झारखण्ड रॉची/ सभी उपायुक्त/ सभी कनीय अभियंता के गृह जिला से संबंधित आरक्षी अधीक्षक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आरक्षी अधीक्षक से अनुरोध है कि सभी कनीय अभियंता के अंकित स्थायी पते से उनके चरित्र का सत्यापन कराकर विभाग को सूचित करने की कृपा करेंगे।

**अनु॰–यथोक्त।**

(अरूण कुमार सिंह)
अभियंता प्रमुख–।
26/8

ज्ञापांक :–                                    रॉची, दिनांक :–

प्रतिलिपिः– सचिव, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, रॉची को उनके पत्रांक 495 दिनांक 06.03.2013 के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**अनु॰–यथोक्त।**

(अरूण कुमार सिंह)
अभियंता प्रमुख–।
26/8

ज्ञापांक :–                                    रॉची, दिनांक :–

प्रतिलिपिः– वेब मैनेजर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**अनु॰–यथोक्त।**

(अरूण कुमार सिंह)
अभियंता प्रमुख–।
26/8

विभागीय आदेश संख्या ...................................... दिनांक ................................ का अनुलग्नक

परिशिष्ट – अ

# कनीय अभियंताओं का प्रथम नियुक्ति के साथ पदस्थापन

| क्रमांक | नवनियुक्त कनीय अभियंताओं के नाम / पता / जन्म तिथि | आयोग का क्रमांक | कोटि | RANK IN CJERE 2012 | अभियंत्रण की शाखा | मुख्य अभियंता परिक्षेत्र जहाँ सेवा सौंपी जाती है |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | श्री संजय हाँसदा<br>ग्राम– हाथी हरियारी<br>पो०– हरियारी<br>जिला–गोड्डा / 04.05.83 | 271222789 | ST | 73 | यॉत्रिक | मुख्य अभियंता, यॉत्रिक रॉची |
| 2 | श्री सुधीर कुमार भगत<br>ग्राम– नवादा (बोगादाग)<br>पो०–चीरू<br>थाना–हेरहंज<br>जिला–लातेहार / 21.09.84 | 271213825 | ST | 898 | असैनिक | मुख्य अभियंता, ईचा गालूडीह, आदित्यपुर जमशेदपुर (सुवर्णरेखा बहूद्देशीय परियोजना) |
| 3 | श्री वीरेन्द्र उराँव<br>ग्राम+पो०–चियाँकी<br>(महादेव–माड़ा)<br>थाना– मेदिनीनगर<br>जिला–पलामू / 20.11.85 | 271213829 | ST | 839 | असैनिक | मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई दुमका |
| 4 | श्री फ्रांसिस हेम्ब्रम<br>ग्राम–छोटा धमनी<br>पो०–धमनी बाजार<br>थाना–सुन्दर पहाड़ी<br>जिला–गोड्डा / 10.05.88 | 271213906 | ST | 919 | असैनिक | मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई दुमका |
| 5 | श्री विजय लकड़ा<br>ग्राम– हिरही तुरिया टोली<br>पो०– हिरही<br>जिला–लोहरदगा / 04.11.77 | 271213919 | ST | 862 | असैनिक | मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, रॉची |
| 6 | श्री त्रिलोकी प्रसाद राम<br>ग्राम– छोटा कटरा<br>पो०–नवाडीह,<br>थाना–डुमरी<br>जिला–गुमला / 15.06.76 | 271213973 | ST | 903 | असैनिक | मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, मेदिनीनगर |
| 7 | श्री पैकस टोप्पो<br>ग्राम– चिरोडाड़<br>पो०–सुरसांग<br>थाना–रायडीह<br>जिला–गुमला / 02.05.79 | 271222986 | ST(VH) | 224 | यॉत्रिक | मुख्य अभियंता, चांडिल कॉम्पलेक्स, जमशेदपुर (सुवर्णरेखा बहूद्देशीय परियोजना) |

26/08/13

( अरूण कुमार सिंह )
अभियंता प्रमुख–01
जल संसाधन विभाग, झारखण्ड रॉची

D:\PRAMOD 1\Manoj Kumar\N.A.J.E. 2013\J.E Appointment 13.docx

188

# घोषणा–पत्र

मैं ................................................ पिता श्री ................................ ............................ घोषणा करता/करती हूँ कि राज्य सरकार के किसी कार्यालय/विभाग में नियमित स्थापना के अन्तर्गत नियुक्त/कार्यरत नहीं हूँ। इस संबंध में तथ्य को जान बुझकर छिपाये जाने पर नियुक्ति बिना पूर्व सूचना के स्वतः समाप्त हो जायेगी।

2. **मैं** घोषणा करता/करती हूँ कि मैं विवाह के समय न दहेज लूँगा/लूँगी और न दूँगा/दूँगी।

**हस्ताक्षर :–**

**पूरा नाम :–**

**पदनाम :–**

**दिनांक :–**

25/08